ग्वालियर संस्करण की नई विज्ञापन दरें

वर्गीकृत विज्ञापन (ब्लैक एण्ड व्हाइट) 50 शब्द,प्रत्येक अतिरिक्त शब्द 5 रूपये, शीर्षक शुल्क 100 प्रतिशत अतिरिक्त	3 DAYS 100/-	15 DAYS 500/-	1 MONTH 1000/-
डिस्पले क्लासिफाइड विज्ञापन (ब्लैक एण्ड व्हाइट)	1 DAYS 500/-	7 DAYS 1800/-	1 MONTH 3000/-
पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि फोटो सहित	Size 8x1	Rs. 500/-	
गुमशुदा, जन्मदिन, बधाई	Size 8x1	Rs. 1000/-	
वैवाहिक	Size 6x1	Rs. 500/-	
नाम परिवर्तन, लीज पॉलिसी परिवर्तन, खोया-पाया	Display Classified Rate		
वैवाहिक विज्ञापन कम से कम 40 शब्द (केवल मध्यप्रदेश) 5 रूपये अतिरिक्त शब्द	Rs. 500/-		

Contact:-
Nava Bharat Bhavan, City Center, Gwalior
Ph. 0751-4086200, 9479319990
E-mail address-bharatnava@gmail.com

पाठकगण किसी भी वर्गीकृत विज्ञापन पर पहल करने से पहले पूरी जानकारी एकत्र कर संपर्क करें. इस संबंध में नवभारत समाचार- पत्र की जिम्मेदारी नहीं होगी.

दिल्ली रैली के लिए मैराथन बैठकें

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 12 दिसंबर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर 14 दिसंबर को दिल्ली में आयोजित होने वाली वोट चोर गद्दी छोड़ रैली एवं देशव्यापी मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण अभियान को निष्पक्षता से

ग्वालियर से कांग्रेस जनों की भागीदारी ऐतिहासिक होगी : सुरेन्द्र यादव

सफल बनाने के अभियान में ग्वालियर से कांग्रेस जनों की ऐतिहासिक भागीदारी के लिए जिला कांग्रेस कमेटी ने कमर कस ली है। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र यादव की अध्यक्षता में कांग्रेस भवन, शिंदे की छावनी पर आयोजित लगातार मैराथन प्रथक-प्रथक बैठकों में ब्लॉक अध्यक्षगण, मोर्चा संगठनों के अध्यक्षगण, रैली के लिए गठित ब्लॉक प्रभारी, कांग्रेस विभाग प्रकोष्ठों के अध्यक्षगण, कांग्रेस पार्षदों एवं पार्षद प्रत्याशियों ने रणनीति तैयार की। इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य दिल्ली रैली में हजारों कांग्रेसजनों की भागीदारी सुनिश्चित करना एवं देशभर में चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान को निष्पक्षता से संपन्न कराना रहा।

अध्यक्ष सुरेंद्र यादव ने बैठकों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान भाजपा की केंद्र सरकार द्वारा सांठगांठ करके मतदाता सूची में धांधली के कारण लाखों निर्दोष नागरिकों का वोट के अधिकार में गोलमाल करके सत्ता पर काबिज हो गए जो लोकतंत्र के लिए घातक साजिश है। कांग्रेस पार्टी इस अन्याय के विरुद्ध सड़क से संसद तक लड़ाई लड़ रही है। बैठक में उपस्थित प्रत्येक पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए कम से कम 50-50 कार्यकर्ताओं को दिल्ली रैली में शामिल करें।

बैठकों में वीर सिंह तौमर, हमीद खां उस्मानी, अवधेश कौरव, पूरन सिंह कुशवाह, श्रीमती सीमा समाधिया, सुधीर मंडेलिया, चतुर्भुज धनोलिया, मेहबूब खां चेनवाले, मंगल यादव आदि उपस्थित थे।

अनियंत्रित होकर पलटी टमटम, छह सवारी घायल

ग्वालियर 12 दिसम्बर. ई रिक्शा पड़ाव क्षेत्र के रेलवे स्टेशन की स्टेशन रोड की तरफ से आ रही थी, इसी दौरान हादसा हो गया शुक्रवार को एक टमटम शुक्रवार सुबह अनियंत्रित होकर अचानक पलट गई, जिससे उसमें सवार छह सवारियां घायल हो गईं। हादसा पड़ाव थाना क्षेत्रांतर्गत स्टेशन रोड पर हुआ। बताया गया है कि उक्त टमटम सिटी सेंटर की रेलवे स्टेशन के सामने पेट्रोल पंप के समीप बने पार्क के मोड़ पर टर्न करते वक्त पलट गई। जिससे उसमें सवार लोगों के बीच चीख पुकार मच गई।

CHANGE OF NAME

I, **JAGUPILLA TEJASWINI** Spouse of **ANAND KUMAR J**, Resident of Air Force Station Maharajpura Gwalior M.P. Pin-474020 have changed my name from **JAGUPILLA TEJASWINI** to **NAGOTHI TEJASWINI** Vide Affidavit Dated 03/12/2025 before the District Court, Gwalior M.P.

CHANGE OF NAME

I, Aanchal Tiwari D/o Yogendra Prasad Tiwari, R/o Flat No.03, Ganga Das Ki Badi Shala, Laxmi Bai Colony, Padav, Gwalior-474002 declare that Aanchal Tiwari D/o Yogendra Tiwari and Aanchal Tiwari D/o Yogendra Prasad Tiwari are the one and same person. vide affidavit dated 10-12-2025 before notary.

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा सलमा बेगम पत्नी श्री उसमान खान ने उक्त अचल संपत्ति प्लॉट स्थित ग्राम जगनापुरा जिला ग्वालियर में है । जो कि सर्वे क्र. 569/1 का भाग जिसका कुलक्षेत्र 600 वर्गफुट है जिसका म्यु. वार्ड क्र. 06 है। जो मेरी पक्षकारा ने विक्रय अनुबंध पत्र के तहत क्रय करना स्वीकार किया। मेरी पक्षकारा के विक्रेता हीरा खान पुत्र श्री साहब खान के परिवारसदस्य पन्ने खान पुत्र श्री साहब खान एंव हमीदन, जुम्मी, करीमन, दौलत, समपतपुत्रीगण श्री साहब खान एंव खातून बेगम पत्नी श्री हीरा खान की काश्त की कृषि भूमि खसरे में संयुक्त भूमि राजस्व अभिलेख में भूमि स्वामी की हैसियत से दर्ज होकर चली आ रही। मेरी पक्षकारा के द्वारा किये विक्रय अनुबंध पत्र के तहतचतुरसीमा निम्नानुसार है :- पूर्व में-प्लॉट मासीता खान, पश्चिम में - भवन पंकज उत्तर में-रोड, दक्षिण में-भवन अकरम साहब जिसका कुल क्षेत्रफल 600 वर्गफुट है। मेरी पक्षकारा सलमा बेगम पत्नी श्री उसमान खान को विक्रेता हीरा खान पुत्र श्री साहब खान के द्वारा उक्त अचल संपत्ति प्लॉट विक्रित किये जाने बावत अगर किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, निगम, शासकीय, अशासकीय विभागों या प्राईवेट फायनेंश को कोई या विक्रेता परिवार के किसी सदस्य सदस्य पन्ने खान पुत्र श्री साहब खान एंव हमीदन, जुम्मी, करीमन, दौलत, समपत पुत्रीगण श्री साहब खान एंव खातून बेगम पत्नी श्री हीरा खान को कोई उज्र व आपत्ति हो तो मय सबूत के नीचे पते पर 7 दिवस के अन्दर उपस्थित होकर आपत्ति पेश करे वरना म्याद गुजरने के बाद कोई उज्र व आपत्ति मान्य व स्वीकार नही होगी और मेरी पक्षकारा सलमा बेगम पत्नी श्री उसमान खान अचल संपत्ति प्लॉट का कुल क्षेत्रफल 600 वर्गफुट को क्रय करने बावत हाउसिंग लोन की सुविधा जैना स्मॉल फायनेंस बैक लिमिटेड ग्वालियर से आवंटित करा रही है। जो सुचित हो ।

दिनांक-12.12.2025
स्थान-ग्वालियर
भवदीय
संजय बाकलीवाल एडवोकेट
चिक संतर मुरार ग्वालियर
मो. 9300981954

एमिटी विवि में विजय दिवस समारोह कल, पूर्व वायुसेना प्रमुख होंगे शामिल

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 12 दिसंबर। भारत की पाकिस्तान पर 1971 की ऐतिहासिक विजय की स्मृति में विजय दिवस का आयोजन कल रविवार 14 दिसंबर को एमिटी विश्वविद्यालय, ग्वालियर में

वीर शहीदों को नमन और वीरांगनाओं का होगा सम्मान

किया जाएगा। नागरिक परिषद, ग्वालियर एवं एमिटी विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह कार्यक्रम महाराजपुरा स्थित एमिटी विश्विधालय के बी-ब्लॉक ऑडिटोरियम में शाम 4:30 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में भारतीय सशस्त्र बलों के शौर्य, पराक्रम और उनके पवन बलिदान का स्मरण किया जाएगा तथा वीर शहीदों को नमन किया जाएगा। इस अवसर पर ग्वालियर महानगर के प्रबुद्धजन एवं सेना के सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान रखने वाले गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ताओं के रूप में न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा, पूर्व न्यायाधीश, उच्चतम न्यायालय, भारत, एवं पूर्व अध्यक्ष, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग व उनके साथ एयर चीफ मार्शल आर.के.एस. भदौरिया,पी.वी.एस.एम., ए.वी.एस.एम., वी.एम., (से.नि.) एवं पूर्व अध्यक्ष,भारतीय वायु सेना, कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाएंगे। समारोह की अध्यक्षता ले. जनरल वी.के. शर्मा,ए.वी.एस.एम (से.नि.) पैट्रन ,नागरिक परिषद ग्वालियर एवं प्रो चांसलर एमिटी यूनिवर्सिटी मध्यप्रदेश ग्वालियर करेंगे।

एमिटी विश्वविद्यालय के कुलगुरू माननीय प्रो (डॉ) आर एस तोमर ने कहा- इस आयोजन का मुख्य आकर्षण का केंद्र सेना के सशस्त्र बलों के आधुनिक शस्त्रों और उन्नत तकनीकी उपकरणों की प्रदर्शनी रहेगी। यह प्रदर्शनी एमिटी विश्वविद्यालय के प्रांगण में लगाई जाएगी, जहाँ उपस्थित लोगों को सेना द्वारा उपयोग किए जाने वाले आधुनिक शास्त्रों को नज़दीक से देखने और उनके बारे में जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षण के रूप में भारतीय सेना, भारतीय वायुसेना तथा सीमा सुरक्षा बल (क्वस्न्न) द्वारा सशस्त्र बलों के अत्याधुनिक शस्त्रों और तकनीकी उपकरणों की भव्य प्रदर्शनी लगाई जाएगी। यह प्रदर्शनी प्रात: 10 बजे से सायं 4:30 बजे तक खुली रहेगी, जिसमें प्रतिभागी एवं आगंतुक तीनों सुरक्षा बलों की अत्याधुनिक क्षमताओं को नज़दीक से देख सकेंगे। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाते हुए बैंड दल भी उपस्थित रहेगा, जो पूरे कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति से ओतप्रोत मनमोहक धुनें प्रस्तुत करेगा। बैंड की प्रस्तुति वातावरण में राष्ट्रभक्ति का उत्साह और ऊर्जा भर देगी। कार्यक्रम के दौरान वीर शहीदों की वीरांगनाओं को भी सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान शहीद परिवारों के साहस, त्याग और राष्ट्र के प्रति समर्पण को नमन करने के उद्देश्य से होगा। विजय दिवस 1971 के भारत-पाक युद्ध में भारत की विश्वप्रसिद्ध और निर्णायक विजय की स्मृति में मनाया जाता है।

तिब्बत मार्केट के सुरक्षाकर्मी को कुचलने का प्रयास, मामला दर्ज

ग्वालियर, 12 दिसंबर। लक्ष्मीबाई समाधि स्थल के सामने स्थित तिब्बत मार्केट के सुरक्षाकर्मी को कार से कुचलने के प्रयास का मामला सामने आया है। जिस कार चालक ने कुचलने का प्रयास किया उसके बेटे की शादी है और वह वहां खरीदारी करने पहुंचा था। घटना गुरुवार रात 9 बजे पड़ाव थाना क्षेत्र की है, मामला संज्ञान में आते ही पुलिस एक्टिव हुई और आरोपी के घर जा पहुंची, लेकिन वह मिला नहीं। विनोद राणा निवासी जैन मंदिर के सामने वाली गली गेंडे वाली सड़क के बेटे की शादी है। विनोद राणा गुरुवार रात कार नम्बर एमपी 07 सीके-870 से तिब्बत मार्केट गया था, जिसके आने-जाने के लिए दो गेट हैं। विनोद राणा ने कार को पार्किंग में न लगाते हुए एक गेट से होता हुआ बाजार के बीच से निकल गया।

कार्यालय विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (माधवराव काउण्टर मैग्नेट)

शीतला सहाय प्रशासनिक भवन राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, सौजना-तिघरा, ग्वालियर (म.प्र.)
क्रमांक / विक्षेविप्रा/संपदा/2025-
ग्वालियर दिनाक...

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री गोविन्द दास माहेश्वरी पुत्र श्री गोपाल दास माहेश्वरी निवासी डिडवाना ओली लश्कर ग्वालियर म.प्र. को साडा की आवासीय योजना में सेक्टर ए1 ब्लॉक 01 भूखण्ड क्रमांक 150 एच.आई.जी. 600 वर्ग मीटर आकार का आवंटन आदेश क्रमांक/विक्षेविप्रा/ग्वा/05/01 ग्वालियर दिनांक 23.4.2005 द्वारा आवंटित किया गया था आवेदक को आवंटित भूखण्ड के आवंटन का अंतरण श्री विजय मदान पुत्र श्री बी.एल. मदान निवासी बी-1/34, मालवीय नगर बी.टी.सी. न्यू दिल्ली ग्वालियर को किया जाने की अनुमति हेतु आवेदन मय शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है। यदि किसी संस्था/व्यक्ति एवं अन्य किसी की कोई आपत्ति होती वह अपनी आपत्ति 15 दिवस तक कार्यालय में प्रस्तुत करें नियत तिथि के पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं नियमानुसार प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर हस्तारण की कार्यवाही की जावेगी।

संपदा अधिकारी
साडा (काउण्टर मैग्नट)
ग्वालियर

आम सूचना

श्रीमती जाफरान बेगम पत्नी श्री साहबजादे खान के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भवन, स्थित ग्राम बहोड़ापुर, नगर लश्कर, तहसील एवं जिला ग्वालियर (म.प्र.) है जो नगर निगम ग्वालियर वार्ड क्र.04 में स्थित है एवं सम्पत्ति क्र.1000220889 है जो भूमि सर्वे क्र.749/6 ग्राम बहोड़ापुर का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 800 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :- पूर्व में-भवन श्री नसीम खान, पश्चिम में रास्ता सरकारी, उत्तर में-भवन श्री शकील खान एवं बंद गली 03 फुट चौड़ा एवं दक्षिण में-सम्पत्ति श्रीमती फिरोजा खान है। उक्त सम्पत्ति एवं सलंग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री नासिर खान पुत्र स्व. श्री रसूल खान के स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री नासिर खान का स्वर्गवास हो जाने के उपरांत, उनके उत्तराधिकारी श्रीमती फिरोजा खान पत्नी स्व. श्री नासिर खान उनकी सम्पत्ति की मालिक हुई एवं नगर निगम ग्वालियर में अपना नाम इंद्राज कराया गया। श्रीमती फिरोजा खान द्वारा उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में श्रीमती जाफरान बेगम पत्नी श्री साहबजादे खान के पक्ष में रजिस्टर्ड सहस्वामित्व विलेख क्र.एमपी 142602024ए1286327 दिनांक 06.03.2024 को सम्पादित किया गया था। श्रीमती फिरोजा खान का स्वर्गवास हो जाने के उपरांत, श्रीमती जाफरान बेगम पत्नी श्री साहबजादे खान उनकी सम्पत्ति के मालिक हुये एवं नगर निगम ग्वालियर में अपना नाम इंद्राज कराया गया। श्रीमती जाफरान बेगम द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान वास्तु हाउसिंग फायनेंस कॉर्पोरेशन लि. ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय को एवं श्री नासिर खान एवं श्रीमती फिरोजा खान के अन्य उत्तराधिकारियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित निहित होने पर अथवा कोई रजिस्टर्ड दस्तावेज होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 3 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. -भवन क्र. 52, कैलाश विहार,
फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.), मो.नं. 98276-72710

आर्य समाज के स्थापना दिवस पर सम्मान समारोह आयोजित

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 12 दिसंबर। आर्य समाज मंदिर मुरार का 97वां स्थापना दिवस समारोह शुक्रवार को मंदिर परिसर में मनाया गया। प्रधान रामप्रकाश वर्मा एवं सचिव सुरेंद्र राणा ने बताया कि सबसे पहले मुख्य अतिथि जीवाजी विश्वविद्यालय के डीसीडीसी प्रो. शांतिदेव सिसोदिया एवं विशिष्ट अतिथि सर्व ब्राह्मण महासंघ के युवा जिलाध्यक्ष कपिल भार्गव ने सामूहिक स्वस्ति वाचन मंत्र पाठ, सन्धा एवं यज्ञ में सहभाग लिया और आचार्य चंद्रशेखर शर्मा ने संगठन सूक्त के मंत्रों पर सर्व समाज की आहुतियां डलवाई। इसके बाद भजनोपदेशक सतेंद्र शास्त्री ने हे ऊंचा वेद का ज्ञान, सभी से ऊंचा...काव्य पाठ सुनाते हुए समाज सुधार, विधवा उद्धार, अछूत उद्धार के अलावा महर्षि दयानंद सरस्वती के पांचों ग्रंथों पर प्रकाश डाला। फिर राजेश्वर राव, उप प्रधान सुशीला यादव, मंत्री सुरेंद्र राणा, उपमंत्री सियाराम सिंह गुर्जर ने भजनों के माध्यम से दयानंद के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर प्रो. शांतिदेव सिसोदिया ने कहा कि मानव कल्याण, राष्ट्र सेवा और समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाने के लिए स्वामी दयानंद सरस्वती ने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण होम कर दिया। उनके ओजस्वी विचारों के दिव्य प्रकाश से मानवता का सदैव कल्याण होता रहेगा। आचार्य चंद्रशेखर शर्मा ने बताया कि यज्ञ में सब कुछ मिलता है। आर्य समाज यज्ञ को तीर्थ जैसा मानता है। इसलिए घर-घर में यज्ञ होना चाहिए। प्रधान रामप्रकाश वर्मा ने कहा कि मूलशंकर से स्वामी बने दयानंद ने पूरा जीवन शिव खोज करके आर्य समाज की स्थापना की। अंत में प्रधान रामप्रकाश वर्मा एवं मंत्री सुरेंद्र राणा ने आचार्यों एवं पदाधिकारियों को शॉल, श्रीफल देकर सम्मान किया। इस अवसर पर प्रो. दयानंद शर्मा, सत्यदेव गुप्ता, नरेंद्र सिंह राणा, देवेंद्र सिंह भदौरिया, सुरेंद्र परमार, श्याम सुंदर दीक्षित, अवधेश शर्मा, आलोक श्रीवास्तव, भूपेंद्र प्रताप, उमाशंकर चौकसे, परमाल सिंह राणा, शैलेष श्रीवास्तव, यज्ञदेव गुप्ता, रामसेवक कुशवाह, वीर देव, राकेश श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

कवि सम्मेलन का आयोजन 24 को वरिष्ठ कवि को मिलेगा कवि अटल सम्मान

ग्वालियर, 12 दिसम्बर। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित होने वाले ''हमारे अटल प्यारे अटल' कवि सम्मेलन एवं अटल कवि सम्मान के आयोजन को लेकर शुक्रवार को महापौर डॉ. शोभा सिकरवार, सभापति मनोज सिंह तोमर के आतिथ्य में आयोजित की गई। बैठक में नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय, उपनेता सत्ता पक्ष मंगल यादव, वरिष्ठ नेता कमल माखीजानी, डॉ. कुमार संजीव, वरिष्ठ कवि मदन मोहन दानिश, अपर आयुक्त टी. प्रतीक राव, मुनीश सिंह सिकरवार, जनसम्पर्क अधिकारी मधु सोलापुरकर उपस्थित रहे। बाल भवन के टीएलसी में आयोजित बैठक में आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा निर्णय लिया गया कि उक्त आयोजन पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस की पूर्व संध्या पर 24 दिसम्बर को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में देश के प्रख्यात कवि एवं रचनाकार तथा हास्य कवियों को आमंत्रित किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई।

नामांकन विज्ञप्ति संशोधन सूचना

दिनांक- 08.11.2025 में क्षे.क्र. 20 वार्ड क्रमांक 48 की प्रकाशित नामांकन विज्ञप्ति में भूलवश जारी दिनांक गलत छप गया था। अतः विज्ञप्ति जारी दिनांक 08.11.2025 पढ़ा जावेगा, विज्ञप्ति कार्य क्रमांक 74/2010/64745/62836 है। आवेदक राशी गुप्ता/राहुल गुप्ता फ्लैट क्रमांक 207 एश्वर्य अपार्टमेंट मामा का बाजार लश्कर ग्वालियर है, शेष यथावत रहेगा।

SCMS SKILL COUNCIL for MINING SECTOR Honing India's Mining Skill

महिलाओं के लिए निःशुल्क आवासीय डम्पर ऑपरेटर प्रशिक्षण एवं अप्रेंटिसशिप में दाख़िला

स्किल काउंसिल फॉर माइनिंग सेक्टर द्वारा उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, ओडिशा, झारखंड, बिहार और छत्तीसगढ़ के पात्र महिला उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित है

प्रशिक्षण ट्रेड	आयु सीमा	शैक्षणिक योग्यता	स्टाइपेंड	प्रशिक्षण अवधि	प्रशिक्षण केंद्र
डम्पर ऑपरेटर (100 टन)	उम्र: 20 से 35 वर्ष 01 दिसंबर 2025 तक	डिप्लोमा (मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, मेकाट्रॉनिक्स में)/ ग्रेजुएट (किसी भी क्षेत्र में)	₹10,900 प्रति माह	1 साल 4 महीने की ट्रेनिंग (चयनित अभ्यर्थियों को 4 महीने के प्रशिक्षण के उपरांत 1 वर्ष की अप्रेंटिसशिप प्रदान की जाएगी)	सिंगरौली, मध्य प्रदेश

आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि : 19 दिसंबर 2025, शाम 5:00 बजे तक

अधिक जानकारी के लिए " www.skillcms.in " पर जाएँ और किसी भी अन्य जानकारी एवं सहायता के लिए कृपया कॉल करें: 70006 26450

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 03 वार्ड क्रमांक07 स्थान रानीपुरा में स्थित है जो गनेश कुशवाह/बेदरिया के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 1000132067 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 750 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी142602016 ए1574984 दिनांक 14/10/2025 द्वारा क्रय/उत्तराधिकार से प्राप्त/वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अन्तर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र लूटपुरा पर दिनांक 11/12/2025 को किया गया है. जिसका कार्य क्रमांक 75/2011/ 54632/54562 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 12-12-2025
राजेन्द्र सिंह बामोतिया/रूस्तम सिंह बामोतिया
पता: रानीपुरा, ग्वालियर, म.प्र.
मों - 7694942409

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 03 वार्ड क्रमांक 15 स्थान महेन्द्र नगर, गदाईपुरा में स्थित है जो दधिराम सिंह तोमर/सुजान सिंह तोमर के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 1000223114 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 1000 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक 26075/6 दिनांक 17/01/2014 द्वारा क्रय/ उत्तराधिकार से प्राप्त/वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अन्तर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र लूटपुरा पर दिनांक 12/12/2025 को किया गया है. जिसका कार्य क्रमांक 75/2011/ 54637/54567 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 12-12-2025
श्रीपाल सिंह तोमर/पुत्तू सिंह तोमर
पता: महेन्द्र नगर,गदाईपुरा, ग्वालियर, म.प्र.
मों - 8305133364

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 21 वार्ड क्रमांक 52 स्थान गुढा में स्थित है जो धर्मेन्द्र कुमार गौतम, मधुर कुमार गौतम/स्व. गया प्रसाद के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 9000012992 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 658 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 21/जीआर17402025 ए100886003 दिनांक 30/09/2025 द्वारा क्रय/उत्तराधिकार से प्राप्त/वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अन्तर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 12-12-2025
मधुर कांत गौतम/स्व.गया प्रसाद
पता: गुढा, ग्वालियर, म.प्र.
मों - 7024168734

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 01 वार्ड क्रमांक 05 स्थान फ्लैट नं-706,ब्लॉक,एम.आई.जी 1,मानपुर में स्थित है जो सम्पदा अधिकारी के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 9000089308 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 862 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी142602024 ए1010827 दिनांक 03/01/2024 द्वारा क्रय/उत्तराधिकार से प्राप्त/वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अन्तर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र बहोड़ापुर पर दिनांक 12/12/2025 को किया गया है. जिसका कार्य क्रमांक 60/2010/73100/73307 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 12-12-2025
सत्या गुप्ता/राहुल गुप्ता
पता: फ्लैट नं-706,ब्लॉक,एम.आई. जी 1,मानपुर ग्वालियर, म.प्र.
मों - 9826289408

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रं 03, वार्ड क्रं 07,स्थान इन्द्रा नगर चार शहर का नाका,हजीरा ग्वा0 मे स्थित है जो कि रमेश/स्व. आशाराम के नाम से नगर निगम मे आई डी क्र 1000131148 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफ्ल 444 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र/न्यायलय आदेश अनुसार प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र लूटपुरा, क्षे.क्र 03, पर दिनांक 12.12.2025 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्र 75/2011/54641/54571प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक-
श्रीमती बबीता/देवेन्द्र,
पता-इन्द्रा नगर ग्वा0,मो0-9893028469
विज्ञप्ति जारी दिनांक- 12.12.2025

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रं 20, वार्ड क्रं 53,भवन क्रं 850, स्थान राधिका बिहार मुंशियों का मौहल्ला ग्वा0 मे स्थित है जो कि विष्णुदास केसवानी/स्व. श्री दुर्गादास केसवानी के नाम से नगर निगम मे आई डी क्र 1000164830 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफ्ल 993 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रं एमपी142602017ए1169880 दिनांक 31.03.2017 द्वारा मृत्युउपरान्त/उत्तराधिकार/ वसीयत प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र 20 सिंधी कॉलोनी बरार समाज, क्षे.क्र 20, पर दिनांक 12.12.2025 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्र 74/2010/64846/64931 प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक- नरेश कुमार केसवानी/स्व. विशनदास उर्फ विष्णुदास,
पता-राधिका बिहार मुंशियों का मौहल्ला ग्वा0,मो0-9826314718
विज्ञप्ति जारी दिनांक- 12.12.2025

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रं 20, वार्ड क्रं 53,भवन क्रं 412, स्थान इंगले की गोठ लक्कडखाना ग्वा0 मे स्थित है जो कि ज्ञानप्रकाश/स्व. सीताराम के नाम से नगर निगम मे आई डी क्र 1000090795 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफ्ल 992 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र/मृत्युउपरान्त/उत्तराधिकार/वसीयत प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द 20 सिंधी कॉलोनी बरार समाज, क्षे.क्र 20, पर दिनांक 24.11.2025 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्र 74/2010/64849/64934 प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक-
वेद प्रकाश सिंह राठौर पुत्र स्व. श्री ज्ञानप्रकाश,
पता-इंगले की गोठ लक्कडखाना लश्कर ग्वा0, मो0-9893894278
विज्ञप्ति जारी दिनांक- 12.12.2025

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रं 20, वार्ड क्रं 53,भवन क्रं 417, स्थान इंगले की गोठ लक्कडखाना ग्वा0 मे स्थित है जो कि ज्ञानप्रकाश/स्व. सीताराम के नाम से नगर निगम मे आई डी क्र 1000090827 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफ्ल 800 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र/मृत्युउपरान्त/उत्तराधिकार/वसीयत प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द 20 सिंधी कॉलोनी बरार समाज, क्षे.क्र 20, पर दिनांक 24.11.2025 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्र 74/2010/64850/64935 प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक-
वेद प्रकाश सिंह राठौर पुत्र स्व. श्री ज्ञानप्रकाश,
पता-इंगले की गोठ लश्कर ग्वा0, मो0-9893894278
विज्ञप्ति जारी दिनांक- 12.12.2025

श्रीमद् भागवत कथा के लिए भूमिपूजन

ग्वालियर 12 दिसम्बर. आगामी 17 दिसंबर से प्रारंभ हो रहे श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के अंतर्गत होने वाली कथा के लिए आज भूमिपूजन किया गया। भूमि पूजन महंत श्री बालकृष्ण दास महाराज के मुख्यातिथ्य में हुआ। अयोध्या से पधार रहे महामंडलेश्वर जगतगुरु अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक श्री ब्रज वल्लभाचार्य महाराज भक्तों को कथा का रसपान करायेंगे। भागवत कथा का आयोजन श्री शिव भक्त मंडल द्वारा किया जा रहा है। भूमि पूजन में मंडल के अध्यक्ष प्रदीप गांगिल, मुख्य यजमान राकेश गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक के आनंद, अरविंद शर्मा, स्वागत अध्यक्ष राजीव गुप्ता, मंत्री राजकुमार बांदिल, गिरजा शंकर भटेले, रामसेवक शर्मा, प्रेम कुमार गांगिल, महेश गुप्ता, सुरेश, विनोद शर्मा, द्वारिका गुप्ता, रामप्रकाश गुप्ता, मूलचंद गांगिल, मीडिया प्रभारी विनोद गुप्ता, कमल किशोर, अभय, अवधेश, राहुल आदि मंडल सदस्य भूमि पूजन में उपस्थित रहे।

श्री विट्ठलनाथ जी का प्राकट्य उत्सव शनिवार को, गोस्वामी श्री दर्शन बाबा का ग्वालियर में हुआ भव्य स्वागत

ग्वालियर 12 दिसम्बर. अंतर्राष्ट्रीय पुष्टिमार्गीय वैष्णव परिषद द्वारा आयोजित किए जा रहे श्री विट्ठल नाथ जी के 511 वें प्राकट्य उत्सव के अवसर पर आज वैष्णवाचार्य पूज्यपद गोस्वामी श्री गोवर्धनेश, श्री दर्शन कुमार का गिर्राज धर्मशाला दौलतगंज पर भव्य स्वागत किया गया। उनके स्वागत के अवसर पर परिषद के आजीवन संरक्षक कृष्ण कुमार गोयल, अध्यक्ष मोहनदास अग्रवाल, लक्ष्मण दास सिंघल, मुरली मनोहर अग्रवाल, कुंभन दास अग्रवाल, प्रणय अग्रवाल प्रेस वाले सीता नाहर, अमिता दवे नीलिमा अग्रवाल एवं कई अन्य वैष्णव उपस्थित थे। श्री दर्शन कुमार पहले भी कई बार ग्वालियर आ चुके हैं। वे युवा आचार्य होते हुए देश में हिंदू सनातन शक्ति को फैलाने का प्रयास करते रहते हैं साथ ही ख्याति प्राप्त भागवताचार्य हैं। देश-विदेश में वे भागवत कथा के माध्यम से पुष्टिमार्ग का प्रचार प्रसार कर रहे हैं।

देवराज हॉस्पिटल में कटा हुआ हाथ जोड़कर युवक को दिव्यांग होने से बचाया

नवभारत न्यूज

ग्वालियर,12 दिसंबर। कोहनी से कटे हाथ को सफलता पूर्वक जोड़कर एक युवक को दिव्यांग होने से बचा लिया गया। यह कारनामा किया है देवराज इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस द्वारा संचालित देवराज हॉस्पिटल के सर्जरी चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ नवदीप चव्हाण और उनकी टीम ने बताया जाता कि पारसेन गांव निवासी हेमंत अर्गल पेशे से कंस्ट्रक्शन वर्कर है। निर्माण स्थल पर रॉड कटर में उसका हाथ आ गया। जिससे कोहनी के पास से उसका हाथ कट गया। अंतत: परिजन हेमंत को लेकर बड़ा गांव के पास स्थित देवराज हॉस्पिटल पहुंचे। यहां हॉस्पिटल में चिकित्सकों ने तत्काल उसे भर्ती कर ऑपरेशन थियेटर में पहुंचाया और उसकी सर्जरी शुरू कर दी। लगभग साढ़े तीन घंटे की विरलतम सर्जरी के बाद उसका हाथ पुन: जोड़ दिया।

हेमंत ने बताया कि हादसे के बाद जब शहर में कोई इलाज करने को तैयार नहीं हुआ तो मुझे लगने लगा था कि अब यह हाथ चला जाएगा। मैं अपने कटे हाथ को लेकर उदास हो गया था। लेकिन देवराज हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने मेरा हाथ जोड़कर एक नया जीवन दिया। मुझे मेरा हाथ दोबारा मिल गया। इस हॉस्पिटल के डॉक्टर मेरे लिए भगवान के समान हैं।

देवराज हॉस्पिटल के सर्जरी चिकित्सक डॉ नवदीप चव्हाण ने बताया कि हेमंत का हाथ रॉड कटर से कट गया था। उसकी हालत गंभीर थी। हमने तत्काल उसकी सर्जरी शुरू की। उन्होंने बताया कि माइक्रोस्कोप की सहायता से हाथ की रेडियल आर्टरी/ब्रैकियल आर्टरी का रीवेस्कुलराइज़ेशन किया गया। इस प्रकार देवराज अस्पताल में सफल सर्जरी की गई। मरीज की स्थिति अब स्थिर है तथा स्वास्थ्य में सुधार है। लगभग 21 दिन बाद हेमंत अपने काम पर लौट सकता है। बता दें कि देवराज इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस द्वारा संचालित देवराज हॉस्पिटल में अत्याधुनिक तकनीक और उपकरणों की सहायता से सभी प्रकार की सर्जरी चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा की जाती है। कटा हुआ हाथ जुड़ने पर हेमंत और उसका परिवार बहुत खुश है। उन्होंने देवराज हॉस्पिटल के चिकित्सकों को धन्यवाद ज्ञापित किया है।